पाठ्यक्रम-विवरण हेतु ढाँचा
Template for the Teaching Programme

1. **विभाग/केंद्र का नाम :** महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(Name of the Department /Centre):
Mahatma Gandhi Fuju Guruji Centre for Social Work

2. **पाठ्यक्रम का नाम :** समाज कार्य में स्नातकोत्तर (MSW)
(Name of the Programme) : Master Of Social Work

3. **पाठ्यक्रम कोड :** MSW
(Code of the Programme)

4. **अपेक्षित अधिगम परिणाम (PLOs):**
(Programme Learning Outcomes)

ज्ञान संबंधी	कौशल/दक्षता संबंधी	रोजगार संबंधी
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अंतर्गत महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र, समाज कार्य के विद्यार्थियों को सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील एवं सृजनात्मक मूल्यों से युक्त गांधीवादी समाज कार्य अभ्यास के लिए आवश्यक ज्ञान, मूल्य, निपुणताएं और कौशल निर्माण में सहायता करता है। एम. एस. डब्ल्यू. पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को ऐसी सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार करता है जो लोगों की भलाई एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। यह कार्यक्रम सामाजिक और आर्थिक न्याय को बढ़ावा देने के साथ-साथ व्यक्तियों, परिवारों, समूहों, संगठनों और समुदायों के सामाजिक आत्मनिर्भरता की वृद्धि में सहायक होंगे। यह हमारी अकादमिक और क्षेत्र आधारित दोनों तरह के अनुभवों के साथ विद्यार्थियों को सूक्ष्म, मध्यम और विस्तृत अभ्यास के स्तरों पर नियोजित परिवर्तन प्रक्रिया में संलग्न करने के लिए सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान को एकीकृत करने की पर बल देता है।	एम. एस. डब्ल्यू. विशेष रूप से, समाज कार्य संबंधी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने के लिए विशेष ज्ञान प्राप्त करने में सहायता करता है। आप अध्ययन के एक विशेष क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जो आपको अपने क्षेत्र में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में सहायता करता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निम्न है- • नैतिक और व्यावसायिक व्यवहार का विकास। • मानवाधिकार और सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय न्याय संबंधी समझ का विकास। • अभ्यास, अनुसंधान एवं विकास संबंधी कौशल निर्मिती। • सामाजिक योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन संबंधी कौशल निर्मिति। • व्यक्ति, परिवारों, समूहों, संगठनों और समुदायों के साथ मूल्यांकन एवं हस्तक्षेप संबंधी कौशल का निर्माण। • सामाजिक चेतना निर्माण संबंधी कौशल का विकास।	एम. एस. डब्ल्यू. पाठ्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित रोजगार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO), UNESCO और UNICEF जैसे प्रीमियर अंतरराष्ट्रीय संगठन विकासशील देशों के लिए जागरूकता अभियानों और परियोजनाओं में सामाजिक कार्यकर्ताओं को सतत नियुक्त करते हैं। कुछ प्रतिष्ठित संगठन जो सामाजिक-आर्थिक सहायता के साथ-साथ वंचित, अनाथों, विकलांग लोगों के कल्याण के लिए काम करते हैं, वह भी व्यवसायिक समाज कार्यकर्ता के लिए कई रोजगार के अवसर निर्मित करते हैं। साथ ही भारत जैसे कल्याणकारी राज्य जो कई कल्याणकारी योजनाओं को निर्मित कर उसका क्रियान्वयन करता है। इन कल्याणकारी योजनाओं के निर्मिति एवं क्रियान्वयन में भारत सरकार द्वारा भी व्यवसायिक समाज कार्यकर्ता के लिए कई रोजगार के अवसर निर्मित हैं। यह अवसर केंद्र तथा राज्य स्तर पर है।

5. **पाठ्यक्रम संरचना (Programme Structure) :**
   - प्रति सेमेस्टर पाठ्यचर्या (Course)
   - शिक्षण एवं अन्य गतिविधियों के लिए निर्धारित घंटों का विवरण

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु प्रस्तावित पाठ्यचर्या संरचना

सेमेस्टर	मूल पाठ्यचर्या (Core Course)			ऐच्छिक पाठ्यचर्या (Elective Course)			योग
प्रथम सेमेस्टर	MSW 01	समाज कार्य का इतिहास, दर्शन एवं विचारधारा	4	MSWE 01 A	समाज कार्य के क्षेत्र	4	22 क्रेडिट
	MSW 02	वैयक्तिक सेवा कार्य	4				
	MSW 03	सामाजिक समूह कार्य	4	MSWE 01 B	सामाजिक समस्याएँ	4	
	MSWP 01	समवर्ती क्षेत्र कार्य	6[1]				
द्वितीय सेमेस्टर	MSW 04	सामुदायिक संगठन	4	MSWE 02 A	समाज कार्य की गांधीवादी अवधारणा	4	22 क्रेडिट
	MSW 05	समाज कार्य अनुसंधान	4				
	MSW 06	मानववृद्धि, विकास एवं व्यवहार की गतिकी	4	MSWE 02 B	सामाजिक नीति एवं नियोजन	4	
	MSWP 02	समवर्ती क्षेत्र कार्य	6[2]				
तृतीय सेमेस्टर	MSW 07 A	विशिष्टता भाग- 01: मानव संसाधन प्रबंधन	4	MSWE 03	**अंतरानुशासनिक** (मानवविज्ञान/जनसंचार/स्त्री अध्ययन/गांधी एवं शांति अध्ययन/मनोविज्ञान/शिक्षा/ समाज शास्त्र/ इतिहास/ राजनीति विज्ञान)	2	24 क्रेडिट
	MSW 07 B	विशिष्टता भाग- 01: स्वास्थ्य देखभाल समाज कार्य अभ्यास	4				
	MSW 07 C	विशिष्टता भाग- 01: सामुदायिक विकास परिचय	4				
	MSW 08 A	विशिष्टता भाग- 02:कार्पोरेट और सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर)	4				
	MSW 08 B	विशिष्टता भाग- 02: सामुदायिक स्वास्थ्य नीतियां एवं योजनाए	4				
	MSW 08 C	विशिष्टता भाग- 02: जनजातीय सामुदायिक विकास	4				
	MSW 09	सामाजिक क्रिया (Social Action)	2				
	MSW 10	समाज कल्याण प्रशासन (Social Welfare Administration)	4				
	MSWP 03	समवर्ती क्षेत्र कार्य (Concurrent field Work)	6				
	MSW 11	आपदा प्रबंधन (Disaster Management)	2				
चतुर्थ	MSW 12 A	विशिष्टता भाग-03: श्रम	4	MSWE	अंतरानुशासनिक	2	22 क्रेडिट

[1] क्षेत्र कार्य प्रतिवेदन 4 क्रेडिट + मौखिकी 2 क्रेडिट

[2] क्षेत्र कार्य प्रतिवेदन 4 क्रेडिट + मौखिकी 2 क्रेडिट

सेमेस्टर		अर्थशास्त्र और भारतीय श्रम समस्याएं		04	(मानवविज्ञान/जनसंचार/स्त्री अध्ययन/गांधी एवं शांति अध्ययन/मनोविज्ञान/शिक्षा/ समाज शास्त्र/ इतिहास/ राजनीति विज्ञान (कोई एक))		
	MSW 12 B	विशिष्टता भाग-03: मनोचिकित्सकीय समाज कार्य अभ्यास	4				
	MSW 12 C	विशिष्टता भाग-03: ग्रामीण सामुदायिक विकास	4				
	MSW 13 A	विशिष्टता भाग-04 : श्रम विधान और औद्योगिक संबंध	4				
	MSW 13 B	विशिष्टता भाग-04 : मानसिक स्वास्थ्य : नीतियां एवं योजनाए	4				
	MSW 13 C	विशिष्टता भाग-04 : शहरी सामुदायिक विकास	4				
	MSW 14	सतत् एवं स्थाई समाज विकास (Sustainable social development)	2				
	MSWP 04	समवर्ती क्षेत्र कार्य (Concurrent field Work)	2				
	MSWD 01	लघु शोध प्रबंध एवं मौखिकी (Dissertation and Viva)	4				
	MSW 15	सामाजिक विधान और सामाजिक न्याय (Social Legislation and Social Justice)	4				
कुल क्रेडिट	**64 क्रेडिट**			**26 क्रेडिट**			**90 क्रेडिट**

स्नातकोत्तर स्तर पर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित MOOCs अथवा किसी अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अथवा विश्वविद्यालय से अधिकतम 18 क्रेडिट की ऐच्छिक पाठ्यचर्याओं के चयन करने की सुविधा है।

पाठ्यचर्या विवरण हेतु ढाँचा
Template for the Course

प्रथम-छमाही

1. पाठ्यचर्या का नाम: समाज कार्य का इतिहास, दर्शन एवं विचारधारा
Name of the Course : History, Philosophy and Ideology Of Social Work
2. पाठ्यचर्या का कोड : MSW 01
3. क्रेडिट : 4
सेमेस्टर: प्रथम

घटक	घंटे
कक्षा/ऑनलाइन व्याख्यान	28
ट्यूटोरियल/संवाद कक्षा	17
व्यावहारिक/प्रयोगशाला /क्षेत्रकार्य	संबंधित कार्य हेतु अतिरिक्त घंटे आरक्षित हैं।
कौशल विकास गतिविधियाँ	15
कुल क्रेडिट घंटे	60

5. पाठ्यचर्या विवरण (Description of Course) :

यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को समाज कार्य शिक्षा की प्रकृति, दर्शन, ऐतिहासिक विकास, विचारधारा, व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण से परिचित कराता है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुधार आंदोलनों और सामाजिक सेवा परंपराओं को स्वीकार करने के साथ-साथ समाज कार्य व्यवसाय के स्वदेशी विचारधारा, गांधीवादी मूल्य, आचार संहिता और लोकनीतियों के प्रति जागरूक होगें। यह विद्यार्थियों को परोपकार, दान, लोक हित और कल्याण की भावना से परिपूर्ण करेगा। इसके अलावा यह सामाजिक बदलाव और परिवर्तन के लिए एक महत्त्वपूर्ण साधन बनेगा। जो राष्ट्र की निर्मिति तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति, सद्भाव, समानतावाद और सौहार्द कायम करने में सहायक होगा।

6. अपेक्षित अधिगम परिणाम (Course Learning Outcomes) CLOs:

- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीयव्यावसायिक समाज कार्यों की प्रकृति और विकास की समझ विकसित होगी।
- विभिन्न सामाजिक सेवाओं, परंपराओं, सुधार आंदोलनों और कल्याण संबंधित कार्यों के प्रति समझ विकसित होगी।
- विभिन्न व्यवस्थाओं में काम करने वाले व्यवसायिक समाज कार्यकर्ता द्वारा आवश्यक मूल्य, नैतिकता, ज्ञान, दृष्टिकोण, कौशल और तकनीकों के प्रति चेतना निर्मित होगी।

7. पाठ्यचर्या की अंतर्वस्तु (Contents of the Course)

मॉड्यूल संख्या	विवरण	निर्धारित अवधि (घंटे में)			कुल घंटे	कुल पाठ्यचर्या में प्रतिशत अंश (Percentage share to the Course)
		व्याख्यान	ट्यूटोरियल	प्रशिक्षण/ प्रयोगशाला (Interaction / Training/ Laboratory)		
मॉड्यूल-1 **समाज कार्य व्यवसाय का परिचय**	1. **अवधारणा, सिद्धांत, प्रकृति, लक्ष्य और प्रक्रिया**	2	2	1	22	36.0
	2. **भारत में समाज कार्य एक व्यावसाय**: समाज कार्य अभ्यासकर्ता के लिए मूल्यपरक	3	2	2		

	मान्यताएँ, सक्षमता और आचार संहिता					
	3. **भारत में समाज कार्य व्यवसाय के इतिहास** : स्वैच्छिक कार्य, सामाजिक सेवाओं, सामाजिक सुधार, सामाजिक आंदोलन, सामाजिक कल्याण, सामाजिक विकास और मानव अधिकारों के साथ समाज कार्य संबंध	2	1	1		
	4. **समाज कार्य हस्तक्षेप के तकनीक** : विविध सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था में समस्या-समाधान विकल्पों पर हस्तक्षेप (सूक्ष्म, मध्यम एवं दीर्घ)	3	2	1		
मॉड्यूल-2 **वैश्विक परिदृश्य में समाज कार्य इतिहास**	1. **समाज कार्य का ऐतिहासिक विकास**: यू.के., यू.एस.ए. और भारत में समाज कार्य शिक्षा और व्यवसाय का विकास	2	2	1	16	26.66
	2. **भारत में सामाजिक सुधार :** सामाजिक पुनर्निर्माण की संकल्पना, सामाजिक परिवर्तन के लिए 19 वीं और 20 वीं सदी के सामाजिक सुधारकों का योगदान	3	2	2		
	3. **भारत में समाज कार्य शिक्षा:** वर्तमान मुद्दे, चुनौतियाँ और विकल्प	2	1	1		
मॉड्यूल-3 **व्यावसायिक समाज कार्य**	1. **एक व्यवसाय के रूप में सामाज कार्य**: व्यवसाय की बुनियादी आवश्यकताएं, भारत में व्यवसाय के रूप में समाज कार्य की वर्तमान स्थिति, समाज कार्य अभ्यास के लिए योग्यता एवं आचार संहिता	3	2	2	12	20.0
	2. समाज कार्यकर्ताओं की भूमिका: मध्यस्थी, वकालत, स्थिति प्रबंधन, शिक्षक, संबलदाता, वावस्था निर्माणकर्ता एवं प्रबंधक	3	1	1		
मॉड्यूल-4 **समाज कार्य के विविध आयाम**	1. **समाज कार्य अभ्यास बदलता स्वरूप**: चिकित्सीय दृष्टिकोण, व्यवस्था और पारिस्थितिक दृष्टिकोण एवं अन्य नवीन दृष्टिकोण	2	1	2	10	16.66
	2. **विभिन्न परिवेश में समाज कार्य अभ्यास** : बाल कल्याण, महिला कल्याण, श्रम कल्याण, स्वास्थ्य देखभाल, वृद्ध कल्याण, युवा कल्याण, दिव्यांग कल्याण	3	1	1		
योग		**28**	**17**	**15**	**60**	**100.0**

8. शिक्षण अभिगम, विधियाँ, तकनीक एवं उपादान: (Approaches, Methods, Techniques and Tools of Teaching)

अभिगम	व्याख्यान, प्रदर्शन, समस्या आधारित अभिगम, कार्य आधारित शिक्षा, मिश्रित अध्ययन, विद्यार्थी नेतृत्व अभिगम
विधियाँ	शिक्षक केंद्रित विधि, विद्यार्थी केंद्रित विधि और विषय एवं सामग्री केंद्रित विधि
तकनीक	फ्लिप्ड क्लासरूम, डिजाइन थिंकिंग, सेल्फ लर्निंग, खेलरूपन (Gamification) एवं ऑनलाइन एप्लिकेशन, सेल्फ लर्निंग
उपादान	खुली परिचर्चा, परियोजना, प्रोजेक्टर, सामयिक घटना एवं तर्क

9. पाठ्यचर्या अधिगम परिणाम (CLOs) की मैट्रिक्स : (Course Learning Outcome Matrix)

पाठ्यचर्या द्वारा पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित अधिगम परिणामों को प्राप्त किया जाएगा, उनका विवरण निम्नलिखित मैट्रिक्स के रूप में प्रदर्शित किया गया है:

पाठ्यचर्या अधिगम परिणाम मैट्रिक्स (Course Learning Outcome Matrix)

पाठ्यक्रम लक्ष्य	लक्ष्य 1	लक्ष्य 2	लक्ष्य 3	लक्ष्य 4
पाठ्यचर्या द्वारा नियोजित अधिगम परिणाम की प्राप्ति	राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक सामाज कार्यों की प्रकृति और विकास की समझ निर्मित करना।	विभिन्न सामाजिक सेवा परंपराओं, सुधार आंदोलनों और कल्याण की समझ विकसित करना।	विभिन्न व्यवस्थाओं में काम करने वाले व्यवसायिक सामाज कार्यकर्ता द्वारा आवश्यक मूल्यों, नैतिकता, ज्ञान, दृष्टिकोण, कौशल और तकनीकों की चेतना निर्मित करना।	व्यवसायिक समाज कार्य में नवीन दृष्टिकोण की समझ विकसित करना एवं कार्यकर्ता में व्यक्तित्व निमार्ण करना।

10. मूल्यांकन/ परीक्षा योजना (Evaluation/Examination Planning):

क. सैद्धांतिक पाठ्यचर्या का मूल्यांकन

आतंरिक मूल्यांकन (25%)					**सत्रांत परीक्षा (75%)**
घटक	कक्षा में सतत मूल्यांकन	उपस्थिति	संगोष्ठी पत्र	सत्रीय-पत्र#	
निर्धारित अंक	05	05	07	08	
पूर्णांक	**25**				**75**

11. अध्ययन हेतु आधार/संदर्भ ग्रंथ (Text books/Reference/Resources)

क्र. सं.	**पाठ्य-सामग्री**	**विवरण (APA प्रारूप में)**
1	आधार/पाठ्य ग्रंथ	**1.** Skidmore, A. A., Thackeray, M. G. & Farley O. W. (1997). *Introduction to social work*. Boston: Allyn & Bacon. 2. Siporin, M. (1975). *Introduction to social work practice*. New York: Macmillan Publishing Inc. 3. Zastrow, C. (1995). *The practice of social work* (5th ed.). California: Brooks/Cole Publishing Company. 4. Dubois, B. & Miley, K. K. (2002). *Social work: An empowering profession*. London: Allyn and Bacon. 5. Miley, K. K., O'Melia, M., & DuBois, B. L. (1998). *Generalist social work practice: An empowering approach*. Boston: Allyn & Bacon. 6. Clark, C. & Asquith, S. (1985). *Social work and social philosophy*. London: Routledge and Kegan Paul.

		7. Payne, M. (2005). *Modern social work theory.* New York: Palgrave/ MacMillan. 8. Dominelli, L. (2004). *Social work: theory and practice for a changing profession.* Cambridge: Polity Press. 9. Woodrofe, K. (1962). *From charity to social work*. London: Routledge and Kegan Paul. 10. Parsons, R. J., Jorgensen, J. D. & Hernandez, S. H. (1994). *The integration of social work practice*. California: Brooke/Cole. 11 Desai, M. (2002). *Ideologies and social work: Historical and contemporary analyse*. Jaipur,: Rawat Publications 14 Sajid S. M., & Jain, R. (2018). *Reflections on social work profession*. New Delhi: Bloomsburry 15. Bhatt, S., & Singh, A. P. (2015). *Social work practice: The changing context*. The Readers Paradise, New Delhi, ISBN: 978-93-82110-43-9 16 Bhatt, S., & Pathare, S. (2014). *Social work education and practice engagement.* ISBN: 9788175417571(HB), 9788175417953(PB), Shipra Publications, New Delhi, 17. Nair, T. K (2015). *Social Work Profession in India: An Uncertain Future*. Niruta Publication
2	संदर्भ-ग्रंथ	1 Pincus, A. &. Minnahan, A. (1973). *Social work practice: Model and method*. Itasca: Peacock. 2 Diwekar, V. D. (ed.) (1991). *Social reform movements in India: A historical perspective*. Bombay: Popular Prakashan. 3. Gore, M. S. (1993). *The social context of ideology: Ambedkar's social and political thought*. New Delhi: Sage Publishing. 4. Compton, B. & Galaway, B. (1984). *Social work processes*. Chicago: The Dorsey Press. 5. Brill, N. I. & Levine, J. (2002). *Working with people: The helping process*. Boston: Allyn and Bacon. 6. Reamer, F. G. (1999). *Social work values and ethics*. New York: Columbia University Press. 7. Timms, N. (1977). *Perspectives in social work*. London: Routledge and Kegan Paul. 8. Bailey, R. & Brake, M. (eds.) (1975). *Radical social work.* London: Edward Arnold (Publishers)Ltd. 9. Johnson, L. C. (1998). *Social work practice: A generalist approach.* Boston: Allyn and Bacon. 10. Trevithick, P. (2000). *Social work skills: A practice handbook*. Philadelphia: Open University Press. 11. Singh, S. & Srivastava, S. P. (2005). *Teaching and Practice of Social Work in India*. Lucknow, New Royal Book Company 12. Mohan, B. (2002). *Social work revisited*. Xillinis: Xillbris Corporation. 13. Bhatt, S., & Pathare, S. (2005). *Social work literature in India.* New Delhi, IGNOU, course material for BA and MA students 14 Bhatt, S., & Phukan, D. (2015). *Social work education in India*. New Delhi, AlterNotes Press 15 Balgopal, P. R., & Bhatt, S. (2013). *Social Work Response to Social Realities*. Lucknow: NRBC. ISBN: 978-93-80685-78-6
3	ई-संसाधन	https://www.ifsw.org/ https://www.iassw-aiets.org/ http://www.mgahv.in/Pdf/Dist/gen/MSW_01_02_09_16.Pdf

1. **पाठ्यचर्या का नाम:** सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य
   (Name of the Course) : Social Case Work

2. **पाठ्यचर्या का कोड: MSW 02**
3. **क्रेडिट:** 4
4. **सेमेस्टर:** प्रथम

घटक	घंटे
कक्षा/ऑनलाइन व्याख्यान	**28**
ट्यूटोरियल/संवाद कक्षा	**17**
व्यावहारिक/प्रयोगशाला/क्षेत्र कार्य	संबंधित कार्य हेतु अतिरिक्त घंटे आरक्षित हैं।
कौशल विकास गतिविधियाँ	**15**
कुल क्रेडिट घंटे	60

5. पाठ्यचर्या विवरण / (Description of Course):

यह पाठ्यचर्या सामाजिक व्यक्ति सेवा कार्य (केसवर्क) के रूप में ज्ञात प्राथमिक समाज कार्य विधियों में से एक के बारे में बोध प्रदान करता है। यह पाठ्यचर्या व्यक्तियों के साथ काम करने के तरीके और व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास एवं उसके सामाजिक एवं पर्यावरणीय विकास को प्रभावित करता है। यह विद्यार्थियों को व्यक्ति के साथ काम करने के लिए जोड़ता है जो कि एक बहुआयामी दृष्टिकोण से समस्याओं और मुद्दों को देखने व समझने की पद्धति के विकास में योगदान देता है। इस पाठ्यचर्या का उद्देश्य समाज कार्य चिकित्सकों को व्यक्ति की विशिष्टता, सामर्थ्य, मुद्दों, उनकी बाधाओं और कठिनाइयों से जोड़ना एवं उनकी समस्या को हल करने के लिए उनकी क्षमताओं और विकल्पों को बढ़ाकर लोगों के साथ काम करने के उद्देश्य से परिष्कृत कौशल का विकास कराना है। **व्यक्ति**, इस विधि का मुख्य केंद्र बिंदु है जिसे एक इकाई के रूप में माना जाता है। कार्यकर्ता इस विश्वास के साथ कार्य करता है कि कोई भी व्यक्ति समाज का एक महत्त्वपूर्ण घटक है और उस व्यक्ति का अस्तित्व समाज के विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका निभाने में अत्यंत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।अतः इस पाठ्यचर्या के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यक्ति एवं व्यक्ति की मनोसामाजिक समस्याओं को समझने में सहायक सिद्ध होगा जिसके साथ ही मानवीय लक्ष्यों को पूरा किया जा सके।

6.अपेक्षित अधिगम परिणाम CLOs: _____ (Course Learning Outcomes)

- व्यक्तियों के साथ कार्य करने एवं सूक्ष्म स्तर पर हस्तक्षेप करने की समझ विकसित होगी।
- वैयक्तिक सेवा कार्य (केस वर्क) प्रैक्टिस के विभिन्न तरीकों, प्रक्रियाओं और हस्तक्षेपों की समझ एवं कौशल विकसित होंगें।
- विभिन्न परिप्रेक्ष्य (सेटिंग्स/प्रतिवेश) में व्यक्तियों के साथ काम करने का कौशल और तकनीक विकसित होगी।
- विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशल एवं तकनीकी का विकास होगा।

7. पाठ्यचर्या की अंतर्वस्तु (Contents of the Course)

मॉड्यूल संख्या	विवरण	निर्धारित अवधि (घंटे में)			कुल घंटे	कुल पाठ्यचर्या में प्रतिशत अंश (Percentage share to the Course)
		व्याख्यान	ट्यूटोरियल	संवाद/ प्रशिक्षण/ प्रयोगशाला.. (Interaction/ Training/ Laboratory)		

मॉड्यूल-1 **वैयक्तिक सेवा कार्य का उद्भव एवं विकास**	**1. वैयक्तिक सेवा कार्य का उद्भव एवं विकास:** ऐतिहासिक विकास, व्यैक्तिक सेवा कार्य विधि का अर्थ, प्रकृति, परिभाषा, क्षेत्र, विकास	1	1	1	12	20.0
	2. दार्शनिक धारणाएं एवं मूल वैयक्तिक सेवा कार्य अवधारणाएं: सामाजिक भूमिकाएं और कामकाज, आवश्यकता, समायोजन, अनुकूलन, वातावरण में व्यक्ति, सेवार्थी के रूप में अद्वितीय व्यक्ति	2	1	1		
	3. वर्तमान संदर्भ में वैयक्तिक सेवा कार्य प्रैक्टिस एवं संचार कौशल: सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य की प्रविधियां एवं कुशलताए	2	2	1		
मॉड्यूल-2 **वैयक्तिक सेवा कार्य के सिद्धांत एवं घटक**	**1.**अर्थ, प्रकृति और आवरण के संबंधों के तत्व, रिश्ते में परानुभूति, संक्रमण और काउंटर संक्रमण के मुद्दे, वैयक्तिक सेवा कार्य अभ्यास के सिद्धांत	3	2	1	12	20.0
	2. वैयक्तिक सेवा कार्य के घटक एवं वैयक्तिक सेवा कार्य में सांस्कृतिक संदर्भ का ज्ञान: व्यक्ति, समस्या, स्थान और प्रक्रिया एवं सांस्कृतिक संदर्भ का ज्ञान	3	2	1		
मॉड्यूल-3 **वैयक्तिक सेवा कार्य अभ्यास दृष्टिकोण**	**1. वैयक्तिक सेवा कार्य अभ्यास के लिए दृष्टिकोण**: नैदानिक, कार्यात्मक और मनोसामाजिक दृष्टिकोण उदार दृष्टिकोण, समस्या को सुलझाने के दृष्टिकोण, शक्ति आधारित,	2	1	2	12	20.0
	2. संकट हस्तक्षेप दृष्टिकोण और व्यवहार संशोधन दृष्टिकोण एवं टास्क केंद्रित कैसवर्क, रेडिकल कैसवर्क	3	2	2		
मॉड्यूल-4 **वैयक्तिक सेवा कार्य की प्रक्रिया, चरण, हस्तक्षेप की तकनीक**	1. विभिन्न परिप्रेक्ष्य में सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य की प्रक्रिया और तकनीक	2		1	12	20.0
	2. वैयक्तिक सेवा कार्य के चरण: निदान, मूल्यांकन, हस्तक्षेप और अनुवर्तन	1	1	1		
	3. **वैयक्तिक सेवा कार्य हस्तक्षेप की तकनीक :** मनोचिकित्सा में परामर्श एवं गृह भेट भेट	3	1	2		
मॉड्यूल-5-- **वैयक्तिक सेवा कार्यकर्ता के कौशल**	1. **विभिन्न परिप्रेक्ष्य में वैयक्तिक सेवा कार्य :** परिवार, दत्तक एजेंसियां, सुधारात्मक और मानसिक स्वास्थ्य सेटिंग्स (प्रतिवेश), उत्पीड़ित और हाशिए पर समूह.	3	2	1	12	20.0
	2. **वैयक्तिक सेवा कार्यकर्ता के कौशल :** इंटरपर्सनल और इंट्रा पर्सनल स्किल्स, इंटरव्यूइंग स्किल्स, समानुभूति, परामर्श और प्रलेखन, कौशल	3	2	1		

योग		**28**	**17**	**15**	**60**	**100.0**

8. शिक्षण अभिगम, विधियाँ, तकनीक एवं उपादान: (Approaches, Methods, Techniques and Tools of Teaching)

अभिगम	व्याख्यान, प्रदर्शन, समस्या आधारित अभिगम, कार्य आधारित शिक्षा, मिश्रित अध्ययन, विद्यार्थी नेतृत्व अभिगम
विधियाँ	शिक्षक केंद्रित विधि, विद्यार्थी केंद्रित विधि और विषय एवं सामग्री केंद्रित विधि
तकनीक	फ्लिप्ड क्लासरूम, डिजाइन थिंकिंग, सेल्फ लर्निंग, खेलरूपन (Gamification) एवं ऑनलाइन एप्लिकेशन, सेल्फ लर्निंग
उपादान	खुली परिचर्चा, परियोजना, प्रोजेक्टर, सामयिक घटना एवं तर्क

9. पाठ्यचर्या अधिगम परिणाम (CLOs) की मैट्रिक्स : (Course Learning Outcome Matrix)

पाठ्यचर्या द्वारा पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित जिन अधिगम परिणामों को प्राप्त किया जाएगा, उनका विवरण निम्नलिखित मैट्रिक्स के रूप में प्रदर्शित किया गया है:

पाठ्यचर्या अधिगम परिणाम मैट्रिक्स (Course Learning Outcome Matrix)

पाठ्यक्रम लक्ष्य	लक्ष्य 1	लक्ष्य 2	लक्ष्य 3
पाठ्यचर्या द्वारा नियोजित अधिगम परिणाम की प्राप्ति	समाज कार्य पद्धति की सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य पद्धति को समझना।	व्यक्तियों की विशिष्टता को स्वीकार करना और स्वयं सहायता के कौशल को बढ़ावा देकर सेवार्थी के व्यक्तित्व को मजबूत करने की दिशा में कार्य कौशल विकसित करना।	कार्य प्रक्रिया और हस्तक्षेप में समझ और कौशल विकसित करने के लिए ज्ञान एवं कौशल विकसित करना।

10. मूल्यांकन/ परीक्षा योजना (Evaluation/Examination Planning):

क. सैद्धांतिक पाठ्यचर्या का मूल्यांकन

आतंरिक मूल्यांकन (25%)					**सत्रांत परीक्षा (75%)**
घटक	कक्षा में सतत मूल्यांकन	उपस्थिति	संगोष्ठी पत्र	सत्रीय-पत्र#	
निर्धारित अंक	05	05	07	08	
पूर्णांक	**25**				**75**

11. अध्ययन हेतु आधार/संदर्भ ग्रंथ (Text books/Reference/Resources)

क्र. सं.	**पाठ्य-सामग्री**	**विवरण (APA प्रारूप में)**

1	आधार/पाठ्य ग्रंथ	1. Beistek, F. P. (1957). *The casework relationship*. Chicago: Loyola University Press. 2. Davison, H. E. (1972). *Casework: A psychosocial therapy*. New York: Random House. 3. Fook, J. (1993). *Radical Casework: A Theory of Practice*. Australia: Allen & Unwin. 4. Frankel, A. J. (2011). *Case management: An introduction to concepts and skills* (3rd ed.). New York. USA: Oxford University Press 5. Hamilton, G. (2013). *Theory and practice of social case work*. New Delhi, India: Rawat Publications 6. Hollis, F. (1964). *Casework: A psychosocial therapy*. New York:McGraw Hills 7. Holosko, M. J. (2017). *Social work case management: Case studies from the frontlines*. California, USA: SAGE Publications 8 Hudson, J. (2014). Structural functional theory, social work practice and education. T*he journal of Sociology and Social Welfare*, 5. 2-18. 9. Mathew, G. (1992). *An introduction to social casework*. Bombay: Tata Institute of Social Science 10. Upadhyay, R. K. (2003). *Social casework: A therapeutic approach*. New Delhi, India: Rawat Publications 11 Siddiqui, H. Y . (2015). *Social work & human relations*. New Delhi, India: Rawat Publications 11. पाण्डेय, बा. एवं पाण्डेय ते. (२०१८) सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य, नयी दिल्ली: रावत प्रकाशन, ISBN: 9788131609439.
2	संदर्भ-ग्रंथ	1 Pearlman, H. H. (1957). *Social casework: A problem solving process*. Chicago: The University of Chicago Press. 2 Pippins, J. A. (1980). *Developing casework skills*. California: Sage Publications. 3 Reid, W. J. (1978). *The task-centered system.* New York: Columbia University Press. 4 Richmond, M. E. (2010). *What is social case work? An introductory description* (1922). New York, USA: Kessinger Publishing 5 Robert, R.W. & Nee, R. H. (ed.) (1970). *Theories of social casework.* Chicago: The University of Chicago Press 6 Shahid M. & Jha M. (2014). Revisiting client-worker relationship: Biestek through a Gramscian Gaze. *Journal of Progressive Human Services 25*. 18-36. 7 Summers, N. (2011). *Fundamentals of Case Management Practice: Skills for the Human Services (*HSE 210 Human Services Issues) (4th ed.). CA, USA: Brooks Cole 8 Tracy, E. M., & Whittaker, J. K. (1989). *Social Treatment: An Introduction to interpersonal Helping in Social Work Practice.* New York: Aldinede Gruyter University of Chicago Press.
3	ई-संसाधन	**http://www.mgahv.in/Pdf/Dist/gen/msw106%20all%20paper_12_07_16.Pdf**

1. पाठ्यचर्या का नाम: सामाजिक समूह कार्य
Name of the Course: Social Group Work

2. पाठ्यचर्या का कोड: MSW 03

3. क्रेडिट: 4

4. 4. सेमेस्टर: प्रथम

घटक	घंटे
कक्षा/ऑनलाइन व्याख्यान	30
ट्यूटोरियल/संवाद कक्षा	17
व्यावहारिक/प्रयोगशाला /क्षेत्रकार्य	संबंधितकार्य हेतु अतिरिक्त समवर्ती क्षेत्र घंटे आरक्षित हैं।
कौशल विकास गतिविधियाँ	13
कुल क्रेडिट घंटे	60

5. पाठ्यचर्या विवरण/(Description of Course) :

सामाजिक समूह कार्य समाज कार्य अभ्यास की एक प्रत्यक्ष प्रविधि है, जिसमें समूह कार्य के अनुभव का प्रयोग समूह के व्यक्तित्व विकास करने के लिए किया जाएगा। विभिन्न समूह हितधारकों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने हेतु विद्यार्थियों को सामाजिक समूह कार्य के सैद्धांतिक पृष्ठभूमि से समृद्ध किया जाएगा ताकि विद्यार्थी सामाजिक समूह कार्य के विभिन्न तकनीक और उपागम का प्रयोग क्षेत्र कार्य अध्ययन में करते हुए सामाजिक समूह कार्य के समस्यओं और समस्याओं के समाधान के विभिन्न विकल्पों को रेखांकित करने में सक्षम हो पाए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों में यह समझ भी विकसित होगी कि सामाजिक समूह कार्य प्रत्यक्ष प्रविधियों के साथ-साथ समूह के साथ कार्य करने की, यह प्रक्रिया है। पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियो में सकारात्मक पारस्परिक संबंधों को विकसित करना, सामाजिक समूह कार्य के मूल्यों, सिद्धांतों, ज्ञान और तकनीकों को निर्माण करना और संबंधित कौशल का विकास करना हैजो बेहतर सामाजिक संरचना के पुनर्निर्माण में सहायक होगा।

6.अपेक्षित अधिगम परिणाम CLOs/(Course Learning Outcomes) :

- समूह की एक गतिशील सामाजिक इकाई एवं हस्तक्षेप के लिए एक संसाधन के रूप में समझ निर्मित होगी।
- विभिन्न अभ्यास सेटिंग्स (प्रतिवेश) में समूह कार्य पद्धति के अनुप्रयोग की व्यावहारिक समझ विकसित होगी।
- समूह कार्य अभ्यास के लिए विभिन्न सैद्धांतिक रूपरेखाओं और उनके अनुप्रयोगों की समझ विकसित होगी।
- प्रभावी सामाजिक समूह कार्य अभ्यास के लिए पेशेवर कौशल विकसित होंगे।

6. पाठ्यचर्या की अंतर्वस्तु (Contents of the Course)

मॉड्यूल संख्या	विवरण	निर्धारित अवधि (घंटे में)			कुल घंटे	कुल पाठ्यचर्या में प्रतिशत अंश (Percentage share to the Course)
		व्याख्यान	ट्यूटोरियल	संवाद/ प्रशिक्षण/ प्रयोगशाला.. (Interaction/ Training/ Laboratory)		
मॉड्यूल-1 **सामाजिक समूहों की समझ**	1. **सामाजिक समूह**: परिभाषाएँ, महत्व और वर्गीकरण, सांस्कृतिक संदर्भ और समूहों में विविधता	2	1	1	8	13.33

	2. समूह व्यवहार और सामाजिक दृष्टिकोण एवं समूह की गतिशीलता और समाजमिति	2	1	1		
मॉड्यूल-2 **सामाजिक समूह कार्य विधि, प्रकार एवं मॉडल**	1. सामाजिक समूह कार्य विधि एवं प्रकार : समूह कार्य: परिभाषा, लक्ष्य, सिद्धांत और कार्यक्षेत्र	3	2	1	16	26.66
	2. समूह कार्य के चरण	2	2	1		
	3. समूह कार्य अभ्यास के लिए मॉडल: उपचारात्मक मॉडल, पारस्परिक या मध्यस्थता मॉडल, विकास मॉडल, एवं सामाजिक लक्ष्य मॉडल	2	2	1		
मॉड्यूल-3 **समूह कार्य प्रक्रिया और तकनीक**	1. गठन, टकराव, मानक निर्मिति एवं प्रदर्शन	2	1	1	16	26.66
	2. समूह नेतृत्व: नेतृत्व के प्रकार, निर्णय लेने की प्रक्रिया	2	1	1		
	3. हस्तक्षेप नियोजन: कार्यक्रम योजना, निगरानी और मूल्यांकन	2	1	1		
	4. हस्तक्षेप तकनीक: समूह चर्चा, समूह परामर्श और रिकॉर्डिंग	2	1	1		
मॉड्यूल-4 **समूह कार्य सिद्धांत**	1. समूह कार्य के सिद्धांत	2	1	1	12	20.0
	2. समूह चिकित्सा एवं लेनदेन संबंधी विश्लेषण (Transactional Analysis)	3	1			
	3. गेस्टाल्ट थेरेपी एवं सहायता समूह	2	1	1		
मॉड्यूल-5 **समूह कार्यकर्ता की भूमिका**	1. समाज कार्य व्यवहार में समूह कार्य: बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य लोगों के साथ काम करना एवं कठिन परिस्थितियों में लोगों के साथ काम करना	2	1	1	8	13.33
	2. समूह कार्यकर्ता की भूमिकाएँ और कौशल: सक्रिय होकर सुनना। भावनात्मक बुद्धिमत्ता संगठन, गहन सोच, सहनशीलता, सीमाएँ निर्धारित करना, परानुभूति एवं संचार।	2	1	1		
योग		**30**	**17**	**13**	**60**	**100.0**

8. शिक्षण अभिगम, विधियाँ, तकनीक एवं उपादान: (Approaches, Methods, Techniques and Tools of Teaching)

अभिगम	व्याख्यान, प्रदर्शन, समस्या आधारित अभिगम, कार्य आधारित शिक्षा, मिश्रित अध्ययन, विद्यार्थी नेतृत्व अभिगम
विधियाँ	शिक्षक केंद्रित विधि, विद्यार्थी केंद्रित विधि और विषय एवं सामग्री केंद्रित विधि
तकनीक	फ्लिप्ड क्लासरूम, डिजाइन थिंकिंग, सेल्फ लर्निंग, खेलरूपन (Gamification) एवं ऑनलाइन एप्लिकेशन, सेल्फ लर्निंग
उपादान	खुली परिचर्चा, परियोजना, प्रोजेक्टर, सामयिक घटना एवं तर्क

9. पाठ्यचर्या अधिगम परिणाम (CLOs) की मैट्रिक्स : (Course Learning Outcome Matrix)

पाठ्यचर्या द्वारा पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित अधिगम परिणामों को प्राप्त किया जाएगा, उनका विवरण निम्नलिखित मैट्रिक्स के रूप में प्रदर्शित किया गया है:

पाठ्यचर्या अधिगम परिणाम मैट्रिक्स (Course Learning Outcome Matrix)

पाठ्यक्रम	लक्ष्य	लक्ष्य	लक्ष्य

लक्ष्य	1	2	3
पाठ्यचर्या द्वारा नियोजित अधिगम परिणाम की प्राप्ति	सामाजिक समूह कार्य को व्यवसायिक समाज कार्य के एक प्रविधि के रूप में जानना।	समूह प्रक्रियाओं और समूह कार्य अभ्यास के विभिन्न आयामों में अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए कौशल निर्मित करना।	विविध व्यवस्थाओं और संरचनाओं में समूहों के साथ कार्य करने के लिए कौशल और दक्षता विकसित करना।

10. मूल्यांकन/ परीक्षा योजना (Evaluation/Examination Planning):

क. सैद्धांतिक पाठ्यचर्या का मूल्यांकन

आतंरिक मूल्यांकन (25%)					सत्रांत परीक्षा (75%)
घटक	कक्षा में सतत मूल्यांकन	उपस्थिति	संगोष्ठी पत्र	सत्रीय-पत्र#	
निर्धारित अंक	05	05	07	08	
पूर्णांक	**25**				**75**

11. अध्ययन हेतु आधार/संदर्भ ग्रंथ (Text books/Reference/Resources)

क्र. सं.	पाठ्य-सामग्री	विवरण (APA प्रारूप में)
1	आधार/पाठ्य ग्रंथ	1. Lindsay, T., & Orton, S. (2014). *Group work practice in social work*. Exetor: Sage 2. Crawford, K., Price, M., & Price, B. (2014). *Group work Practice for Social Workers.* London: Sage 3. Trevithick, P. (2016). *Group work: a handbook of effective skills and interventions.* McGraw-Hill Education 4 Sondra, B., & Camille, P. Roman. (2016). *Group work: skills and strategies for effective interventions.* Binghamton, NewYork: Haworth Press 5 Glassman, U. (2009). *Group work: A humanistic and skills building approach*. USA: Sage 6 Toseland, R. W., & Rivas, R. (2008). *An introduction to group work practice*. New York: McMillian. 7 Trecker, H. B. (1972). *Social group work: Principles and practices.* New York: Association Press. 8 Douglas, T. (1978). *Basic group work*. London: Tavistock. 9. Konopka, G. (1963). *Social group work: A helping process*. Englewood Cliffs: Prentice. 10. Reid, K. E. (1997). *Social work practice with groups: A clinical perspective* (Second Edition). Pacific Grove, CA: Cole. 11. Balgopal, P. R., & Vassil, T. V. (1983). *Groups in social work: An ecological perspective.* New York: Macmillan. 12. Brandler, S., & Roman, C. P. (1999). *Group work skills and strategies for effective interventions.* New York: The Haworth Press. 13. Helen, N., & Kurland, R. (2001). *Social work with groups* (3rd ed). New York: Columbia University Press. 14. Phillips, H. U. (1957). *Essential of social group work skills*. New York: Association Press. 15 Wilson, G., & Ryland, G. (1949). *Social group work practice.* Cambridge, MA: Houghton Mifflin 16. Latner, J. (1987). *The gestalt therapy book: A holistic guide to the theory, principles and techniques of gestalt therapy*. USA: The Julian Press 17 Furgeri, L. B. (2016). *The technique of group treatment*: The Collected Papers of Louis R. Ormont: USA, Library of Congress

2	संदर्भ-ग्रंथ	1. Henry, S. (1992). *Group skills in social work* (Second Edition). Pacific Grove, CA: Brooks/Cole. 2. Corey, G. (1997). *Groups: Process and practice*. Pacific Grove. CA: Brooks/Cole Publishing. 3. Hartford, M. E. (1971). *Groups in social work*. New York: Columbia University Press. 4. Alissi, A. S. (ed.) (1980). Perspectives on Group Work Practice. New York: Macmillan. 5. Gladding, S. T. (1999). *Group work: A counselling specialty*. New Jersey: Merrill. 6. Meculloude, M. K., & Ely, P. J. (1965). *Social work with groups*. London: Routledge and Kegan Paul. 7. McDermott, F. (2002). *Inside group work: A guide to reflective practice*. NSW: Allen and Unwin. 8. Wenocur, S. (1993). *Social work with groups: Expanding horizons.* New York: Hawroth Press. 9. Grief, G. L., & Ephross, P. H. (1997). *Group work with populations at risk*. New York: Oxford University Press. 10. Douglas, T. (1972). *Group processes in social work: A theoretical synthesis.* Chicester: Willey. 11. Macgowen, M. J. (2009). *A guide to evidence based group work practice*, OUP 12. Berne, E. (1999). *Transactional analysis in psychotherapy.* New Delhi: Rupa & Company 13 Joel, L. (1986). *The gestalt therapy.* USA: The Gestalt Journal Press Ltd 14 Erich, H. Witt., & James, H. Davis. (2003). *Understanding group behaviour small group processes and interpersonal relations.* New Jersey: Lawrence Erlbaum Associates Publishers 15 Scott, F. S. (1996). *Introduction to group therapy: A practical guide*. USA: Haworth Press
3	ई-संसाधन	1. Trevithick, P. (2012). Group work theory and practice. Available at https://www.researchgate.net/publication/307593723Groupwork_theory_and_practice 2. The Journal for Specialists in Group Work. Available at https://www.tandfonline.com/loi/usgw20 3. Principles for Diversity Competent Group Workers. Available at http://crystalbomeke.tripod.com/group_ethic.htm 4. Association for Specialists in Group Work: Best Practice Guidelines 2007. Available at http://www.ncbi.nlm.nih.gov/books/NBK64212/ 5. Journal: Social Work with Groups: a journal of community and clinical practice. Availabe at https://www.tandfonline.com/action/showAxaArticles?journalCode=wswg20 6. http://www.mgahv.in/Pdf/Dist/gen/msw07_17_10_16.Pdf

1. पाठ्यचर्या का नाम: समवर्ती क्षेत्र कार्य
Name of the Course: Concurrent field Work

2. पाठ्यचर्या का कोड: MSWP 01

3. क्रेडिट: 6
4. सेमेस्टर: प्रथम

घटक	घंटे
कक्षा/ऑनलाइन व्याख्यान	4
ट्यूटोरियल/संवाद कक्षा	
व्यावहारिक/प्रयोगशाला /क्षेत्रकार्य	76
कौशल विकास गतिविधियाँ	10
कुल क्रेडिट घंटे	90

5. पाठ्यचर्या विवरण: (Description of Course)

सामाजिक कार्य शिक्षा में क्षेत्र कार्य सामाजिक कार्य पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है जिसका उद्देश्य प्रभावी सामाजिक कार्य अभ्यास के लिए आवश्यक ज्ञान, दृष्टिकोण और कौशल के विषयों में सामाजिक कार्य सीखने वाले में विकसित करना है। क्षेत्र कार्य के घटकों में छात्रों के अध्ययन को बढ़ाने, सामाजिक वास्तविकताओं के विश्लेषण एवं समाज कार्य हस्तक्षेप के विभिन्न तरीकों से विद्यार्थी को अनुभव प्रदान कराना है। क्षेत्र कार्य छात्रों को सामाजिक कार्य के क्षेत्र में एजेंसियों से परिचित होने के लिए तैयार किया जाता है साथ ही क्षेत्र कार्य के माध्यम से विद्यार्थी हस्तक्षेप की विभिन्न रणनीतियों की अंतर्दृष्टि तथा नवीन कौशल प्राप्त करता है। **एम.एस.डब्ल्यू (MSW)** के लगातार चार सेमेस्टर में अलग-अलग गतिविधियाँ शामिल हैं। इन गतिविधियां में मुख्य रूप से अवलोकनात्मक भ्रमण **(OBSERVATIONAL VISITS)**, समवर्ती क्षेत्र कार्य भ्रमण(**concurrent field work visits),** फील्ड वर्क सेमिनार (**Field Work Seminar**), व्यक्तिगत चर्चा (**Individual conference)**, समुह परिचर्चा (**Group conference)**, कौशल प्रयोगशाला **(Skill Lab),** ब्लॉक प्लेसमेंट (Internship), ग्रामीण/ जनजातीय कैंप (**Tribal/ Rural camp)**, शैक्षणिक भ्रमण(**Study Tour**), शोध परियोजना (Research Project) और मौखिकी (**viva-voce)** शामिल हैं।

नोट: समवर्ती क्षेत्र कार्य में प्रत्येक सेमेस्टर में न्युनतम 90% उपस्थिति अनिवार्य है। क्षेत्र कार्य अभ्यास के अंतर्गत क्रियान्वित की जाने वाली गतिविधियां में 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। 90% से कम उपस्थिति एवं गतिविधियां में 50% से कम अंक प्राप्त होने पर विद्यार्थी को अनुर्तीण माना जाएगा।

प्रथम सेमेस्टर

MSWP01	अनिवार्य (मूल) पाठ्यचर्या : समवर्ती क्षेत्र कार्य (क्षेत्र कार्य प्रतिवेदन 4 क्रेडिट + मौखिकी 2 क्रेडिट)	6 क्रेडिट

- **अवलोकनात्मक भ्रमण (OBSERVATIONAL VISITS)**

  अवलोकनात्मक भ्रमण का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक कार्य एजेंसियों और विकास परियोजनाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के प्रकार और सेवार्थी प्रणाली की आवश्यकताओं के प्रति समझ विकसित करना हैं।

- **अवलोकनात्मक भ्रमण की आवश्यकता (Requirements of Observational Visits) :**
  प्रथम सेमेस्टर के दौरान विद्यार्थियों न्यूनतम 10 संस्थाओ का भ्रमण किया जाना आवश्यक हैं। वे छात्र जो भ्रमण की जाने वाली संस्था में अनुपस्थित रहते हैं, उनके संस्था भ्रमण संबंधी अंकों को काट लिया जाएगा। अवलोकनात्मक भ्रमण यात्राओं के बदले अनुपस्थित छात्र को कोई अन्य असाइनमेंट नहीं दिया जाएगा। अत: समस्त विद्यार्थियों हेतू अवलोकनात्मक संस्था भ्रमण आवश्यक हैं।

- **कौशल प्रयोगशाला (Skill Lab) :**
  अवलोकनात्मक संस्था भ्रमण के अतिरिक्त, विद्यार्थियों हेतू कौशल प्रयोगशाला विभिन्न कौशल से संबंधित अलग से आयोजित की जाएगी। इसमें व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास, स्वयं को समझना, संचार, रिपोर्टिंग, विकासशील नेतृत्व और अन्य संबंधित सामाजिक कार्य कौशल जैसे क्षेत्र शामिल होंगे।

- **समवर्ती क्षेत्र कार्य अभ्यास** सप्ताह में दो दिन संभवत: शुक्रवार एवं शनिवार आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक दिन विद्यार्थी को न्युनतम **7 घंटे** क्षेत्र कार्य अभ्यास में व्यतीत करने होंगे इस तरह सप्ताह में **14 घंटे** विद्यार्थी को क्षेत्र कार्य का अभ्यास कराया जाएगा। एक **सेमेस्टर में 30 दिनों** का समवर्ती क्षेत्र किया जाना आवश्यक है। इस प्रकार **एक** सेमेस्टर में क्षेत्र कार्य अभ्यास **210 घंटे** आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक छात्र जो भी संबंधित संस्था में अभ्यास करेंगे उन्हें उक्त संस्था से एक पर्यवेक्षक (संस्था पर्यवेक्षक) दिया जाएगा साथ ही महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र द्वारा भी पर्यवेक्षण शिक्षक (क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक) नियुक्त किया जाएगा। संबंधित संस्था एवं केंद्र से प्रदान पर्यवेक्षक द्वारा क्षेत्र कार्य अभ्यास में पर्यवेक्षण किया जाएगा। इस अवधि के दौरान विद्यार्थी **एक वैयक्तिक कार्य** एवं **एक समूह कार्य** का अभ्यास उक्त संस्था के अधीनस्थ एवं क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक की देख-रेख में पूर्ण करेगा।
- प्रत्येक छात्र के क्षेत्र कार्य से संबंधित कम से कम **25 मिनट** का साप्ताहिक व्यक्तिगत सम्मेलन, क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक द्वारा आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा, पर्यवेक्षक अपने पर्यवेक्षण के तहत रखे गए छात्रों के समूह सम्मेलन का भी संचालन कर सकता है। छात्र की जबावदारी होगी कि वह ऐसे व्यक्तिगत और समूह सम्मेलनों के अभिलेख (Record) को बनाए रखे। प्रत्येक सप्ताह में एक दिन संभवतः सोमवार को सप्ताह का क्षेत्र कार्य प्रतिवेदन आवंटित क्षेत्रकार्य पर्यवेक्षक के पास जमा करना होगा एवं सप्ताह में एक दिन क्षेत्रकार्य पर्यवेक्षक के साथ समूह सम्मेलन करना अनिवार्य होगा (यह दिन विद्यार्थी एवं क्षेत्रकार्य पर्यवेक्षक की सुविधा नुसार तय होगा) साथ ही जरुरत पड़ने पर वैयक्तिक सम्मेलन विद्यार्थी आवंटित क्षेत्रकार्य पर्यवेक्षक से करना अपेक्षित है। दो सप्ताह में कम से कम एक बार मिश्रित सम्मेलन का भी आयोजन क्षेत्रकार्य पर्यवेक्षक द्वारा किया जाएगा। यह मिश्रित सम्मेलन में क्षेत्रकार्य पर्यवेक्षक, संस्था पर्यवेक्षक एवं विधार्थी उपस्थित होंगे। क्षेत्र कार्य प्रतिवेदन में जर्नल, व्यक्ति सहाय कार्य फाइल, समूह कार्य फाइल, क्षेत्र कार्य उपस्थिति पंजिका, सम्मेलन उपस्थिति पंजिका एवं संस्था एवं समुदाय प्रोफाइल सम्मिलित होंगे।

- समवर्ती क्षेत्र कार्य अभ्यास का मूल्यांकन प्रत्येक सेमेस्टर के दौरान आंतरिक रूप से प्रदान किए गए क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक छात्र को सेमेस्टर के अंत में समवर्ती क्षेत्र कार्य अभ्यास में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के लिए उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस तरह की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा एक **आंतरिक एवं एक बाह्य परीक्षक** द्वारा संचालित की जाएगी। बाह्य परीक्षक की नियुक्ति महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी के निदेशक द्वारा किया जाएगा। जो भी छात्र क्षेत्र कार्य अभ्यास की आंतरिक परीक्षा में **अनुपस्थिति रहेंगे या असफल (Fail) हो जाएगें,** आगामी सेमेस्टर में प्रोन्नति का पात्र नहीं होगा।

6.अपेक्षित अधिगम परिणाम CLOs: (Course Learning Outcomes)

- योग्य पर्यवेक्षण के अंतर्गत विभिन्न व्यावहारिक स्थितियों के लिए विद्यार्थियों में जोखिम उठाना और जिम्मेदारी लेने के प्रति विद्यार्थी प्रोत्साहित होंगे।
- एक संरचित कार्यक्रम व्यवस्था में व्यक्तियों और समूहों के साथ कार्य करने के लिए विद्यार्थियों में ज्ञान और दक्षता का विकास होगा।
- एजेंसियों और संगठनों द्वारा दिए जा रहे जन कल्याण और जन हित सेवाओं की व्यापक जानकारी मिलेगी।

- विद्यार्थियों में नैतिकता और मानवीय मूल्यों के निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र कार्य के माध्यम से नेतृत्व, कार्यक्रम आयोजन और प्रशासनिक क्षमताओं स्तर बढ़ेगा।
- क्षेत्र कार्य अभ्यास एजेंसी की संगठनात्मक संरचना और प्रशासनिक कार्यों के प्रतिवेदन पुनरावलोकन के माध्यम से विश्लेषणात्मक और अनुसंधानात्मक क्षमताओं का निर्माण होगा।

7. पाठ्यचर्या की अंतर्वस्तु (Contents of the Course)

मॉड्यूल संख्या	विवरण	निर्धारित अवधि (घंटे में)			कुल घंटे	कुल पाठ्यचर्या में प्रतिशत अंश (Percentage share to the Course)
		व्याख्यान	ट्यूटोरियल	संवाद/ प्रशिक्षण/ प्रयोगशाला (Interaction / Training/ Laboratory)		
मॉड्यूल-1	उन्मुखीकरण	4			4	4.44
मॉड्यूल-2	संस्था भ्रमण (कुल 5)			5	5	5.55
मॉड्यूल-3	समवर्ती क्षेत्र कार्य			70	70	77.77
मॉड्यूल-4	वैयक्तिक एवं सामूहिक सम्मलेन			10	10	11.11
मॉड्यूल-5--	मौखिकी			1	1	1.11
योग		**4**		**86**	**90**	**100.00**

***** समवर्ती क्षेत्र कार्य अभ्यास में 2 वैयक्तिक सेवा कार्य और एक सामाजिक समूह कार्य अभ्यास अनिवार्य होगा।

8. शिक्षण अभिगम, विधियाँ, तकनीक एवं उपादान: (Approaches, Methods, Techniques and Tools of Teaching)

अभिगम	व्याख्यान, प्रदर्शन, समस्या आधारित अभिगम, कार्य आधारित शिक्षा, मिश्रित अध्ययन, विद्यार्थी नेतृत्व अभिगम
विधियाँ	शिक्षक केंद्रित विधि, विद्यार्थी केंद्रित विधि और विषय एवं सामग्री केंद्रित विधि
तकनीक	फ्लिप्ड क्लासरूम, डिजाइन थिंकिंग, सेल्फ लर्निंग, खेलरूपन (Gamification) एवं ऑनलाइन एप्लिकेशन, सेल्फ लर्निंग
उपादान	खुली परिचर्चा, परियोजना, प्रोजेक्टर, सामयिक घटना एवं तर्क

9. पाठ्यचर्या अधिगम परिणाम (CLOs) की मैट्रिक्स : (Course Learning Outcome Matrix)

पाठ्यचर्या अधिगम परिणाम मैट्रिक्स (Course Learning Outcome Matrix)

पाठ्यक्रम लक्ष्य	लक्ष्य 1	लक्ष्य 2	लक्ष्य 3	लक्ष्य 4
पाठ्यचर्या द्वारा नियोजित अधिगम परिणाम की प्राप्ति	जन हितों और जरूरतों, और जन सेवा एजेंसियों और संगठनों द्वारा वितरित सेवाओं की विविधताओं की गहराई से समझना।	एक संरचित कार्यक्रम सेटिंग में व्यक्तियों और समूहों के साथ काम करने में ज्ञान और दक्षता निर्माण करना।	कार्यों के माध्यम से नेतृत्व, कार्यक्रम आयोजन और प्रशासनिक क्षमताओं में सक्षमता का स्तर, साथ ही साथ मानवीय मूल्यों और नैतिकता के लिए प्रतिबद्धता निर्माण करना।	फील्डवर्क एजेंसी की संगठनात्मक संरचना और प्रशासनिक कार्यों पर लिखित रिपोर्ट के माध्यम से विश्लेषणात्मक और अनुसंधान क्षमताओं का

				निर्माण करना।

10. मूल्यांकन/ परीक्षा योजना (Evaluation/Examination Planning):

क. सैद्धांतिक पाठ्यचर्या का मूल्यांकन

आतंरिक मूल्यांकन (25%)					सत्रांत परीक्षा (75%)
घटक	कक्षा में सतत मूल्यांकन	उपस्थिति	संगोष्ठी पत्र	सत्रीय-पत्र#	
निर्धारित अंक	05	05	07	08	
पूर्णांक	**25**				**75**

ख. परियोजना कार्य/प्रयोगशाला/ स्टूडियो/क्षेत्र-कार्य का मूल्यांकन

आतंरिक मूल्यांकन (80%)			मौखिकी (20%)
घटक	क्षेत्र-कार्य/प्रशिक्षण आधारित प्रस्तुतीकरण	परियोजना/ प्रतिवेदन लेखन	
निर्धारित अंक प्रतिशत	30%	50%	**20%**

1. पाठ्यचर्या का नाम: समाज कार्य के क्षेत्र
Name of the Course: Fields of Social Work
2. पाठ्यचर्या का कोड: MSWE 01 A
3. क्रेडिट: 4
4. सेमेस्टर: प्रथम
5. पाठ्यचर्या विवरण:

घटक	घंटे
कक्षा/ऑनलाइन व्याख्यान	28
ट्यूटोरियल/संवाद कक्षा	17
व्यावहारिक/प्रयोगशाला /क्षेत्रकार्य	संबंधित कार्य हेतु अतिरिक्त घंटे आरक्षित हैं।
कौशल विकास गतिविधियाँ	15
कुल क्रेडिट घंटे	60

समाज कार्य व्यवसाय के क्षेत्र का दायरा व्यापक और असीमित है। इसके अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठन और क्षेत्र सम्मिलित है, जो व्यक्ति, समूह, समुदाय, राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समस्याओं की पहचान करता है। दूसरी ओर इस व्यावसायिक अनुशासन में वह क्षेत्र सम्मिलित हैं जो व्यक्ति, समूह, समुदाय, राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समस्या के समाधान पर निरंतर कार्य करते हैं। इसके साथ-साथ यह सामाजिक क्षेत्र अभ्यास जैसे विभिन्न स्कूलों, अन्य युवा सेवारत संगठनों, अस्पतालों, चिकित्सालयों, नर्सिंग होम, मानसिक स्वास्थ्य एजेंसियों और कई अन्य क्षेत्रों के समस्या-समाधान हस्तक्षेप के सैद्धांतिकी से अवगत कराता है।

6.अपेक्षित अधिगम परिणाम CLOs (Course Learning Outcomes) :

- समाज कार्य के विभिन्न क्षेत्रों की बुनियादी समझ विकसित होगी।
- समाज कार्य के पारंपरिक क्षेत्रों की विकसित समझ।
- समाज कार्य के नवीन क्षेत्रों से अवगत होंगे।

7. पाठ्यचर्या की अंतर्वस्तु (Contents of the Course)

मॉड्यूल संख्या	विवरण	निर्धारित अवधि (घंटे में)			कुल घंटे	कुल पाठ्यचर्या में प्रतिशत अंश (Percentage share to the Course)
		व्याख्यान	ट्यूटोरियल	प्रशिक्षण/ प्रयोगशाला.. (Interaction/ Training/		
मॉड्यूल-1 **परिवार और बाल कल्याण**	1. **परिवार और बाल कल्याण परिचय:** संकल्पना, अर्थ, कार्य क्षेत्र, संस्थाएं और संगठन	2	1	1	9	15.0
	2. **भारत में परिवार और बाल कल्याण के लिए सेवाएं**: योजनाएं, एवं कार्यक्रम	2	2	1		
मॉड्यूल-2 **चिकित्सकीय एवं मनोचिकित्सकीय**	1. **चिकित्सकीय एवं मनोचिकित्सकीय समाज कार्य परिचय:** चिकित्सकीय एवं मनोचिकित्सकीय सेवाओं में अंतर संकल्पना, अर्थ, कार्य क्षेत्र, संस्थाएं और	2	1	1	9	15.0

समाज कार्य	संगठन, योजनाएं					
	2. **भारत में चिकित्सकीय एवं मनोचिकित्सकीय सेवाएं:** योजनाएं, एवं कार्यक्रम, स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में कार्यक्रम और सेवाएं, सार्वजनिक स्वास्थ्य। मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य, विभिन्न चिकित्सीय दृष्टिकोण।	2	2	1		
मॉड्यूल-3 **श्रम कल्याण और कार्मिक प्रबंधन**	1. **श्रम कल्याण और कार्मिक प्रबंधन का परिचय:** श्रम कल्याण प्रशासन के क्षेत्र: श्रम कल्याण की अवधारणा, परिभाषा और अर्थ, श्रमिकों के लिए कल्याण का महत्व	2	1	1	9	15.0
	2. **भारत में मजदूरों के लिए प्रमुख कल्याण कार्यक्रम:** योजनाएं एवं कार्यक्रम	2	2	1		
मॉड्यूल-4 **अपराधशास्त्र एवं सुधार क्षेत्र**	1. **अपराधशास्त्र एवं सुधार क्षेत्र का परिचय:** परिभाषा, कारण और अपराध का वर्गीकरण	2	1	1	12	20.0
	2. भारतीय संदर्भ में अपराध की रोकथाम और नियंत्रण के लिए रणनीति	2	1	1		
	3. आपराधिक न्याय प्रणाली का परिचय	2	1	1		
मॉड्यूल-5 **सामुदायिक विकास**	1. सामुदायिक विकास परिचय: संकल्पना, अर्थ, परिभाषा, घटक एवं प्रकार	2	1	1	13	21.66
	2. शहरी, ग्रामीण और जनजातीय समुदाय परिचय: अवधारणा, अर्थ, एवं कार्यक्षेत्र	2	1	1		
	3. सामुदायिक विकास के लिए सरकारी कार्यक्रम : योजनाओं, कार्यक्रमों और सामुदायिक विकास, प्रमुख संस्थानों और संगठनों का परिचय	2	1	2		
मॉड्यूल-6 **समाज कार्य के समकालीन क्षेत्र**	1. स्कूल सामाजिक कार्य, जराचिकित्सा सामाजिक कार्य, जेंडर समानता, आपदा प्रबंधन	2	1	1	8	13.33
	2. पर्यावरण संरक्षण, आत्महत्या रोकथाम, मानव तस्करी, आघात प्रबंधन, युवा कल्याण और विकास	2	1	1		
योग		**28**	**17**	**15**	**60**	**100.0**

8. शिक्षण अभिगम, विधियाँ, तकनीक एवं उपादान: (Approaches, Methods, Techniques and Tools of Teaching)

अभिगम	व्याख्यान, प्रदर्शन, समस्या आधारित अभिगम, कार्य आधारित शिक्षा, मिश्रित अध्ययन, विद्यार्थी नेतृत्व अभिगम
विधियाँ	शिक्षक केंद्रित विधि, विद्यार्थी केंद्रित विधि और विषय एवं सामग्री केंद्रित विधि
तकनीक	फ्लिप्ड क्लासरूम, डिजाइन थिंकिंग, सेल्फ लर्निंग, खेलरूपन (Gamification) एवं ऑनलाइन एप्लिकेशन, सेल्फ लर्निंग
उपादान	खुली परिचर्चा, परियोजना, प्रोजेक्टर, सामयिक घटना एवं तर्क

9. पाठ्यचर्या अधिगम परिणाम (CLOs) की मैट्रिक्स : (Course Learning Outcome Matrix)

पाठ्यचर्या द्वारा पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित अधिगम परिणामों को प्राप्त किया जाएगा, उनका विवरण निम्नलिखित मैट्रिक्स के रूप में प्रदर्शित किया गया है:

पाठ्यचर्या अधिगम परिणाम मैट्रिक्स (Course Learning Outcome Matrix)

पाठ्यक्रम लक्ष्य	लक्ष्य 1	लक्ष्य 2	लक्ष्य 3
पाठ्यचर्या द्वारा नियोजित अधिगम परिणाम की प्राप्ति	समाज कार्य के विभिन्न क्षेत्रों की बुनियादी समझ विकसित करना।	समाज कार्य के पारंपरिक क्षेत्रों को समझाना।	समाज कार्य के उभरते हुए क्षेत्रों को समझाना।

10. मूल्यांकन/ परीक्षा योजना (Evaluation/Examination Planning):

क. सैद्धांतिक पाठ्यचर्या का मूल्यांकन

आतंरिक मूल्यांकन (25%)					**सत्रांत परीक्षा (75%)**
घटक	कक्षा में सतत मूल्यांकन	उपस्थिति	संगोष्ठी पत्र	सत्रीय-पत्र#	
निर्धारित अंक	05	05	07	08	
पूर्णांक	**25**				**75**

11. अध्ययन हेतु आधार/संदर्भ ग्रंथ (Text books/Reference/Resources)

क्र. सं.	**पाठ्य-सामग्री**	**विवरण (APA प्रारूप में)**
1	आधार/पाठ्य ग्रंथ	• Bhattacharya Sanjay: Social Work and Integrated Approaches, New Delhi Deep Publications. • Choudhary D.Paul: Introduction to Social work Encyclopedia of Social work (1987) Encyclopedia of social Work in India, New Delhi,Publication division, Ministry of welfare
2	संदर्भ-ग्रंथ	
3	ई-संसाधन	**http://www.mgahv.in/Pdf/Dist/gen/msw_03_samaj_kary_28_07_16.Pdf**

1. पाठ्यचर्या का नाम: सामाजिक समस्याएँ
Name of the Course: Social Problems

2. पाठ्यचर्या का कोड: MSWE 01 B
3. क्रेडिट: 4
4. सेमेस्टर: **प्रथम**

घटक	घंटे
कक्षा/ऑनलाइन व्याख्यान	16
ट्यूटोरियल/संवाद कक्षा	4
व्यावहारिक/प्रयोगशाला /क्षेत्रकार्य	संबंधित कार्य हेतु अतिरिक्त समवर्ती क्षेत्र घंटे आरक्षित हैं।
कौशल विकास गतिविधियाँ	10
कुल क्रेडिट घंटे	30

5. पाठ्यचर्या विवरण:

सामाजिक समस्या नामक इस पाठ्यचर्या का सबसे महत्त्वपूर्ण लक्ष्य समाज, उसकी संरचना, विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों के समाजीकरण में उनकी भूमिकाओं के बारे में समाज कार्य के विद्यार्थियों को उन्मुख करना है। मानव समाज न तो कभी सामाजिक समस्याओं से पूर्णतः मुक्त रहा है और न ही रहने की संभावना निकट भविष्य में नजर आती है, परन्तु इतना तो निश्चित है कि आधुनिक समय में बढ़ती संचार क्रान्ति तथा शिक्षा के प्रति लोगों की जागरूकता के फलस्वरूप मनुष्य इन समस्याओं के प्रति संवेदनशील एवं सजग हो गया है। सामाजिक समस्याओं के प्रति लेगों का ध्यान आकर्षित करने में जन संचार के माध्यम, यथा-टेलीविजन, अखबार एवं रेडियो ने अति महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। समाज कार्य के विद्यार्थी को भी विभिन्न सामाजिक समस्याओं और मुद्दों के प्रति संवेदनशील और उन्हें समझने के लिए एक सैद्धांतिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है और इस पाठ्यचर्या के माध्यम से वे इन संवेदनशील मुद्दों को समझ सकने में सक्षम होंगे। वर्तमान समय में भारतीय समाज अनेक सामाजिक समस्याओं से जकड़ा हुआ है जिनके निवारण के लिए राज्य एवं समाज द्वारा मिलकर प्रयास किये जा रहे हैं। भारतीय समाज की प्रमुख समस्याओं में जनसंख्या में बढ़ोतरी, निर्धनता, बेरोजगारी,असमानता, अशिक्षा, गरीबी, आतंकवाद, घुसपैठ, बाल श्रमिक, श्रमिक असंतोष, विद्यार्थी असंतोष, भ्रष्टाचार, नशाखोरी, जानलेवा बीमारियां, दहेज़, बालविवाह, भ्रूण हत्या, विवाह विच्छेद की समस्या, बाल अपराध , जातिवाद और अस्पृश्यता की समस्या ये सभी सामाजिक समस्याओं के अन्तर्गत आती है। सामाजिक समस्याओं के निराकरण के लिए यह आवश्यक है कि इनकी प्रकृति को समझाजाए एवं स्वरूपों की व्याख्या की जाए। भिन्न-भिन्न सामाजिक समस्याओं के मध्य पाए जाने वाले परस्पर संबंधों का विश्लेषण एवं अनुशीलन करने के लिए विद्यार्थियों में व्यावहारिक निराकरण के लिए एक नई सोच विकसित की जा सकती है। इसलिए यह पाठ्यचर्या विद्यार्थियों में समकालीन भारतीय सामाजिक समस्याओं पर एक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करेगा। यह उन्हें समतावादी समाज के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उपयुक्त विकल्पों की तलाश करने में भी मदद करेगा।

6.अपेक्षित अधिगम परिणाम CLOs: (Course Learning Outcomes)

- विद्यार्थियों में सामजिक समस्याओं एवं समाज में व्यक्ति की भूमिका और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के महत्व और उनके प्रभाव की समझ विकसित हो सकेगी।
- विद्यार्थियों में सामाजिक विषमताओं और सामाजिक समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि का विकास हो सकेगा।
- विद्यार्थियों में सामाजिक समस्याओं के विभिन्न रूपों की समझ विकसित हो सकेगी एवं विभिन्न सामाजिक समस्याओं और समाज पर इसके पड़ने वाले प्रभाव, विभिन्न मुद्दों और चुनौतियों की समझ विकसित हो सकेगी।
- समाज कार्य के क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक मुद्दों और चुनौतियों के बारे में विद्यार्थियों में स्पष्टता विकसित हो सकेगी।

7. पाठ्यचर्या की अंतर्वस्तु (**Contents** of the **Course**)

मॉड्यूल संख्या	विवरण	निर्धारित अवधि (घंटे में)			कुल घंटे	कुल पाठ्यचर्या में प्रतिशत अंश (Percentage share to the Course)
		व्याख्यान	ट्यूटोरियल	प्रशिक्षण/ प्रयोगशाला.. (Interaction/ Training/		
मॉड्यूल-1 **सामाजिक समस्याएं की अवधारणा एवं विधान**	1. सामाजिक समस्याएं: परिचय, परिभाषाएं एवं प्रकृति एवं सामाजिक समस्याओं के कारण, प्रभाव, कारक, प्रचलन	1		1	7	23. 33
	2. संरचनात्मक संस्याएं: जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद	1		1		
	3. संविधान एवं अधिनियम	2	1			
मॉड्यूल-2 **लैंगिक समस्याएं एवं विधान**	1. लैंगिक समस्याएं: लैंगिक विभेद, सम्पत्ति अधिकार, घरेलू हिंसा, शिक्षा, कार्य क्षेत्र में यौन उत्पीड़न	1		1	6	20.00
	2. संविधान एवं अधिनियम: संबंधित अनुच्छेद एवं अधिनियम	2	1	1		
मॉड्यूल-3 **ग्रामीण समस्याएं एवं विधान**	1. ग्रामीण समस्याएं: भूमिहीन श्रमिक, कृषक पलायन, कुटीर उद्योग एवं बेरोजगारी	1		1	5	16.66
	2. संविधान एवं अधिनियम: संबंधित अनुच्छेद एवं अधिनियम	2		1		
मॉड्यूल-4 **शहरी समस्याएं एवं विधान**	1. शहरी समस्याएं : मलिन बस्तियाँ, बाल श्रमिक एवं बाल अपराध, वेश्यावृति एवं बेरोजगारी	1		1	6	20.00
	2. संविधान एवं अधिनियम: संबंधित अनुच्छेद एवं अधिनियम	2	1	1		
मॉड्यूल-5- **समसामायिक समस्याएं एवं विधान**	1. वर्तमान समय में उत्पन्न होने वाली समस्याएं: नेतृत्व गुटवाजी, मीडिया संस्कृति, एवं राष्ट्र निमार्ण संहिता	1		1	6	20.00
	2. संविधान एवं अधिनियम: संबंधित अनुच्छेद एवं अधिनियम	2	1	1		
योग		**16**	**4**	**10**	**30**	**100.0**

